सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 64 | इंदौर, शनिवार 09 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मुरैना में कांग्रेसियों को किया गिरफ्तार

◆ जन आशीर्वाद यात्रा से ठीक पहले कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मुरैना। मुरैना में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा से ठीक पहले पुलिस ने कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर दिमनी थाने में बंद कर दिया है। यह कांग्रेसी मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने की योजना बना रहे थे। इसकी खबर जैसे ही पुलिस को लगी, पुलिस ने दीपक शर्मा शहर जिला अध्यक्ष के मकान से कांग्रेसियों को जबरन उठाया और ले जाकर थाने में बंद कर दिया। इस बीच पुलिस और कांग्रेसियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस ने भी कांग्रेसियों पर बल प्रयोग किया। घटना शुक्रवार शाम की है।

बता दे कि भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा मुरैना में आ रही है। रात को यात्रा मुरैना में प्रवेश करेगी, उसे ठीक पहले कांग्रेसी सीएम को काले झंडे दिखाने की योजना बना रहे थे। यह योजना कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के बाजार स्थित निवास पर बनाई जा रही थी। ठीक उसी समय पुलिस को खबर लग गई और पुलिस ने एन वक्त पर धावा बोलकर कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने की तोड़फोड़

कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने बताया है कि पुलिस ने कांग्रेसियों की गिरफ्तारी के दौरान शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के मकान में तोड़फोड़ भी की है तथा कुर्सियों को तोड़ दिया है।

कांग्रेसियों से डरी भाजपा

इस मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने बताया कि भाजपा कांग्रेसियों से डरी हुई है जिसके कारण उसने पहले ही पुलिस भेज कर उनकी गिरफ्तारी करवा दिया। भारतीय जनता पार्टी के लोगों को इस बात का डर है कि मुरैना में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का कहीं विरोध न हो जाए।

भाभी ने कर दी देवर की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सीहोर। गंज क्षेत्र में शुक्रवार को भाभी ने छुरी घोंपकर देवर की हत्या कर दी। कोतवाली थाना पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी विकास खींची ने बताया कि गंज में रहने वाले जितेंद्र (30) की हत्या की सूचना मिली थी। आरंभिक जांच में पता चला है कि जितेंद्र के परिवार में रातभर से विवाद हो रहा था। सुबह उसकी हत्या हो गई। आरोप उसकी भाभी लक्की बाई पर है।

जी-20 का आगाज

...मोदी ने सुनक को गले लगाया, बाइडेन को कोणार्क चक्र के बारे में बताया

नई दिल्ली। शनिवार की सुबह को जी20 समिट का आगाज हो चुका है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम पहुंच चुके हैं। सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष के भी यहां पहुंचने की शुरूआत हो चुकी है। इन सभी को पीएम मोदी रिसीव कर रहे हैं। ढट मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का गले लगाकर स्वागत किया।

वहीं, बाइडेन को भारत मंडपम में बने कोणार्क चक्र के बारे में जानकारी दी। शिखर सम्मेलन की शुरूआत फोटो सेशन के साथ होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी वेलकम स्पीच देंगे।समिट में शामिल होने के लिए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान आज सुबह भारत पहुंचे हैं। वहीं, कल देर शाम भारत आए अमेरिकी प्रेसिडेंट बाइडेन एयरपोर्ट से सीधे मोदी से मिलने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे।

ये राष्ट्राध्यक्ष नहीं आए

जी 20 की इस बेहद अहम समिट में कुछ अहम देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल नहीं हो रहे हैं। इनमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन शामिल हैं। इसके अलावा स्पेन के सांचेज भी इस समिट में शामिल नहीं हो सकेंगे। उन्हें कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

रूस-यूक्रेन युद्ध पर दोनों पक्षों में सहमति पर सस्पेंस

पिछले जी-20 समिट में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। एजेंसी के मुताबिक यही चुनौती फिलहाल भारत के सामने भी है। न्यूज एजेंसी कि रिपोर्ट्स के मुताबिक घोषणा पत्र में यूक्रेन जंग को लेकर अभी तक कोई आम सहमति नहीं बन पाई है। वहीं, जी-20 के घोषणा पत्र में भारत के मुख्य मुद्दों को शामिल किया जा रहा है। कर्ज में फंसे देशों की मदद के लिए जी-20 देश 5% योगदान देने पर सहमति दे सकते हैं। जी-20 की पिछली बैठक में इन देशों ने इस बारे में 3900 से अधिक प्रतिबद्धताएं की थीं, उनमें से लगभग 67% ही पूरी हो पाईं। आर्थिक अपराधियों को एक दूसरे के सुपुर्द करने पर भी सहमति होती दिख रही है। कानूनी दस्तावेज को अंतिम रूप देंगे।

सिलावट आमसभा में हुए शामिल:बोले-

2018 में सिंधिया के साथ कमलनाथ के पास पहुंचा तो उन्होंने कह दिया मेरे पास पैसे नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

बुरहानपुर। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के तहत सिरपुर में आयोजित आमसभा में भाजपा नेता जुटे। यहां जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कांग्रेस छोड़ने की वजह बताई। उन्होंने कहा-यह बुरहानपुर नहीं निमाड़ और प्रदेश की प्रगति की यात्रा है। जन आशीर्वाद यात्रा क्यों निकाल रहे हैं, यह प्रश्न आपके और हमारे सामने है। यात्रा वही निकाल सकता है, जिसने विकास, प्रगति की हो, उन्नति की हो। एक वह लोग हैं, जिन्हें मुझसे बेहतर कौन जान सकता है।

मुझे 2018 का वह मंजर याद है। सुन लो ज्ञानेश्वर जी, एक वचन पत्र तैयार किया था, तब भी यही अध्यक्ष थे, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ। उसमें दिग्विजय सिंह, हमारे नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया भी थे। तब 2018 का नारा माफ करो महाराज, हमारे नेता शिवराज था। कांग्रेस ने वचन पत्र तैयार किया था। अन्नदाताओं को प्राथमिकता देने की बात कही। 2018 में सरकार बनी तो दो लाख का कर्ज माफ कर देंगे। बेरोजगारी भत्ता देंगे। कन्यादान की राशि 21 से बढ़ाकर 51 हजार कर देंगे, लेकिन जब हम कमलनाथ के पास ज्योतिरादित्य सिंधिया के अन्नदाताओं के विश्वास की बात को लेकर, बेरोजगारी भत्ते को लेकर गए तो कहा- पैसा नहीं है। एक साल बीत गया, तब भी वादा पूरा नहीं किया। शाम 5 बजे आशीर्वाद यात्रा दयार्पुर से बुरहानपुर के लिए रवाना हुई।

कानून व्यवस्था हो या जनकल्याण हम अपनी चुस्ती फुर्ती और सावधानी में कमी न आने दें : मुख्यमंत्री

◆कमिश्नर, आईजी व कलेक्टर-एस.पी. कॉन्फ्रेंस में दिए दिशा-निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमिश्नर, आईजी व कलेक्टर-एस. पी. कॉन्फ्रेंस को समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति, फसलों की स्थिति की सतत निगरानी, खाद की आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, हितग्राही मूलक योजनाओ में समय पर भुगतान, नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास रथों के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों आने वाले त्योहारों के संदर्भ में कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मसलों पर बैठक ली। इस वीडियो कान्फ्रेंसिंग में इंदौर के संभागायुक्त कार्यालय से कमिश्नर मालसिंह, पुलिस कमिश्नर श्री मकरंद देऊस्कर, पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण राकेश गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए।

कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी ड्यूटी है

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी ड्यूटी है, यह मेरी भी ड्यूटी है। हम अपनी चुस्ती, फुर्ती और सावधानी में कोई कमी न आने दें। पुलिस महानिदेशक तीज त्यौहार में कानून व्यवस्था की निरंतर समीक्षा करते रहें। एसपी-कलेक्टर शांति समिति की बैठक कर आवश्यक निर्णय लें, प्रदेश में सभी ओर शांति और सुरक्षा का वातावरण बनाएं।

झांकियों के साथ ही छड़ी भी गोगा देव जन्मोत्सव पर निकाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पदेशीपुरा अर्जुनसिंह गौहर नगर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वीर गोगा देव जन्मउत्सव पर सनातन संस्कृति के अनुपम छड़ी के साथ ही झाकियाँ भी धूमधाम से अखाड़े के साथ निकाली।

चल समारोह में हरि झंडी जनकार्यसमिति प्रभारी राजेंद्र राठौर एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा नेता प्रति पक्ष चिंटू चौकसे विधायक रमेश मेंदोला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी ने प्रमुख रूप से गुरु गोरक्ष नाथ भोले नाथ माँ गंगा के लुभाव में चल चित्र के साथ ही चंद्रयान पर वैज्ञानिकों के योगदान को भी दर्शा कर खुशी का इजहार किया वही पर्यावरण पर भी वृक्ष लगाने का संदेश दिया। उक्त जानकारी देते हुए संगठन के युवा कामगार संघ अध्यक्ष सूरज गौहर ने आगे बताया संगठन प्रति वर्ष वीर गोगा देव की के जीवन चरित्र पर झांकियाँ निकालता रहा है प्रमुख रूप से हिमांशु यादव श्याम अजयपाल,महेश गौहर, ओमप्रकाश मालवीय(गुना), चौधरी प्रचेता गौहर, प.निकितागौहर आदि रूप से उपस्थित थे।

◆विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस कल

आत्महत्या कोई मानसिक बीमारी नहीं है: डॉ. राठी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे के तहत क्रिएट स्टोरीज एनजीओ द्वारा अवेयरनेस कार्यशाला में मनोचिकित्सक डॉ पवन राठी पालकों और युवाओं से रूबरू हुए। साइकेट्रिस्ट डॉ पवन राठी ने बताया विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 10 सितंबर को मनाया जाता है, डब्ल्यूएचओ के मुताबिक भारत में हर साल तकरीबन 1 लाख लोग खुदकुशी कर लेते उनके अनुसार दुनिया में हर सेकंड कोई ना कोई व्यक्ति खुदकुशी करने की कोशिश करता है। डब्ल्यूएचओ का यह भी कहना है कि आत्महत्या करने वालों में ज्यादातर 15-29 साल के लोग शामिल हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आत्महत्या करने वालों में ज्यादातर किशोर और युवा उम्र के लोग हैं। पढ़ाई का दबाव और नौकरी न मिलना इस उम्र में आत्महत्या की प्रमुख वजह है। 80 परसेंट केस में सुसाइड को रोका जा सकता है जरूरत है बात करने की या सामने वाले के मन को समझने की और सिम्पटम पहचानने की। सुसाइड अपने आप में कोई मानसिक बीमारी नहीं है , आत्महत्या से आने वाले पहले के विचारों और संकेतों को समझकर सही कदम उठाया जा सकता है।

गणपति निर्माण कार्यशाला कल

इंदौर। जल एवं तालाब सरंक्षण समिति और इंदौर प्रेस क्लब द्वारा संयुक्त रूप से 'सृजन से विसर्जन अभियान' के तहत निःशुल्क माटी गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन 10 सितंबर 2023 रविवार को शाम 4 से 6 बजे तक आयोजित की जा रहा है। कार्यशाला की संयोजक मेघा बर्वे और प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने बताया कि मीडिया के साथियों के बच्चों और परिजन के लिए मिट्टी गणेश जी की प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का उद्देश्य गणेशोत्सव पर्यावरण अनुकूल होकर घर-घर में मिट्टी के गणेश जी स्थापना हो सके।

भादवी अमावस्या पर भव्य प्रभातफेरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री अग्रोहा कपल ग्रुप की मेजबानी में भादवी अमावस्या के पावन पर्व पर गुरुवार, 14 सितम्बर को सुबह 7 बजे स्नेह नगर स्थित वृंदावन गार्डन से अग्रवाल नगर स्थित राणी सती दादी के मंदिर तक भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। शहर के 14 महिला संगठन इस प्रभातफेरी में अपनी भागीदारी दर्ज कराएंगे। पिछले दस वर्षों से चली आ रही प्रभातफेरी की इस परंपरा में स्नेह नगर, पटेल नगर, मनीष बाग, भगवानदीन नगर एवं अग्रवाल नगर क्षेत्र की महिलाएं भी परंपरागत परिधान में शामिल होंगी। आज अग्रसेन भवन पर आयोजित बैठक में महिलाओं ने भादवी अमावस्या पर अपनी आराध्य दादी के इस उत्सव को धूमधाम से मनाने, प्रभातफेरी का न्यौता सभी क्षेत्रों में घर-घर देने और दादी के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पूरे जोश और उत्साह से शामिल होने का निर्णय लिया।

दो दिवसीय श्याम भक्त महोत्सव का शुभारंभ आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्याम मित्र मंडल शिव मोती नगर की मेजबानी में शनिवार, 9 सितम्बर को सायं 7 बजे अ.भा. श्याम महोत्सव का शुभारंभ ए.बी. रोड, राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर श्याम भक्त श्रीमती पुष्पा मित्तल के सानिध्य में होगा। महोत्सव में देश के अनेक ख्याति प्राप्त भजन गायक, कोलकाता के पुष्प सज्जाकार एवं देशभर में फैले खाटू श्याम भक्त शामिल होंगे।

लगभग ढाई हजार भक्त दूसरे शहरों से आएंगे और इतने ही भक्त शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आएंगे। महोत्सव के लिए सम्मेलन स्थल पर वाटर प्रूफ पांडाल की व्यवस्था की गई है। खाटू श्याम बाबा के दरबार, अखंड ज्योत, 56 भोग, श्याम रसोई के लिए भी पृथक मंच बनाए गए हैं। समूचे परिसर को खुशबू से सराबोर किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, राजेश सिंघल एवं मुकेश सिंघल ने बताया कि शहर के प्रमुख श्याम भक्त एवं समाजसेवी स्व. जगदीश अग्रवाल की पुण्य स्मृति में यह 28वां अ.भा. श्याम महोत्सव होगा, जिसमें कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक शुभम-रूपम, राज पारीख एवं विवेक शर्मा जीतू और दिल्ली के प्रख्यात संगीत समूह के प्रमुख नरेश पुनिया तथा समस्तीपुर से श्रीमती रेशमी शर्मा विशेष रूप से इंदौर आकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने फोडी मटकी

इंदौर। नवरतन बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व महंत मंगल दास महाराज खाकी के सानिध्य मे धूमधाम से मना। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि पूरे मन्दिर परिसर को खूब सजाया गया। लड्डू गोपाल को झूले में बैठाकर झुलाया गया। माखन मिश्री का भोग लगाया। मीना राणा शाह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के सेकड़ो स्टूडेंट्स ने ढोल मजीरे और हरमोनियुम पर राधा कृष्ण और मा यशोदा के एक से बढ़कर एक भजन सुनाएँ और साथ मे झूमे। भजन कीर्तन का कार्यक्रम देर रात तक चला। फूलों की वर्षा की गई। रात को बाराह बजे महा आरती हुई, जिसमें खूब नंद के आंनद भयो,आलकी की पालकी और जय कन्हेया लाल की और राधे राधे कृष्णा के उदघोष लगे।

जी20 शिखर सम्मेलन के उपलक्ष्य में डाक टिकिट प्रदर्शनी का शुभारंभ

इंदौर। वसुधैव कुटूंबकम के मूल मंत्र के साथ इस वर्ष भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा है इसके द्वारा भारत की उपलब्धियों, योग्यताओं, ज्ञान, संस्कृति से दुनिया का साक्षात्कार हो रहा हैं। भारत की जी20 अध्यक्षता में विभिन्न देशों के अनेक शहरों में बैठके हो चुकी है जिसके कारण कई सुविधाओं का निर्माण हुआ है एवं पुरानी सुविधाओं का आधुनिकीकरण हुआ है। 18वें जी20 शिखर सम्मेलन जो दिनांक 9 एवं 10 सितंबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में आज इन्दौर जीपीओं में जी-20 सदस्य देशों में जारी विभिन्न प्रमुख डाक टिकट व फिलाटेली आवरण की दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती प्रीती अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल इन्दौर की अध्यक्षता में हुआ।

कटाक्ष

पहली बार शहर के सभी छड़ी निशानों की संयुक्त शोभायात्रा, संघ सहित प्रमुख संगठन हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में संभवतः देश में पहली बार वीर गोगादेव के पवित्र छड़ी निशानों के पूजन का दिव्य आयोजन उषा नगर स्थित उषा राजे परिसर में आर.एस.एस., विहिप, बजरंगदल, हिन्दू जागरण मंच एवं अन्य सहयोगी संगठनों की सहभागिता में किया गया। इसके पूर्व महूनाका चौराहा से सभी छड़ी निशानों की संयुक्त शोभायात्रा भी निकाली गई। बाल योगी संत उमेशनाथ महाराज ने भी इस प्रयास की खुले मन से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह देश में पहला उदाहरण है।

सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि शहर के गाड़ी अड्डा, जूनी इंदौर, जूना रिसाला, पलासिया, गांधी नगर, राजमोहल्ला आदि क्षेत्रों से आए 21 छड़ी निशानों का सामूहिक जुलूस महूनाका चौराहे से प्रारंभ होकर रणजीत हनुमान के सामने से होते हुए उषा राजे परिसर पहुंचा, जहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय सेवा समिति की ओर से ईश्वर हिन्दूजा, हेमंत मालवीय, कमलेश वाजपेयी, किरण जोशी, विजय गौड़ सहित विभाग, प्रांत एवं जिले के सभी प्रमुख संगठनों की ओर से छड़ी निशानों के उस्तादों, खलिफाओं एवं पटेलों का सम्मान किया गया। यादव समाज, बंजारा समाज एवं ब्राह्मण समाज सहित अनेक समाजों ने भी स्वागत किया। युवा नेता एकलव्य गौड़ एवं गंगा पांडे ने भी इन सभी छड़ी निशानों का पूजन किया। सबके राम परिवार की ओर से प्रवीणा अग्निहोत्री ने सभी पंचायत प्रमुखों एवं कलाकारों को समरसता राखी बांधी, साफा पहनाया और श्रीफल भेंट किए।

रेलवे की प्रगतिरत परियोजना में अब तेजी से होगा काम

इंदौर। इंदौर कमिश्नर मालसिंह ने आज इंदौर संभाग के अंतर्गत रेलवे की लंबित परियोजनाओं के संबंध में रेल्वे और संबंधित जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा बैठक कर प्रगति की समीक्षा की। बैठक में निजी, शासकीय एवं वन भूमि अधिग्रहण के संबंध में बिंदुवार चर्चा की गई। संभागायुक्त श्री मालसिंह ने रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों और जिला कलेक्टरों से कहा कि आपस में बेहतर समन्वय रखें और भूमि अधिग्रहण के जो भी प्रस्ताव लंबित है, उसमें तेजी से कार्यवाही करें। मूल्यांकन संबंधी कार्य भी तेजी से किया जाए और संबंधित विभाग अभियान चलाकर अधिग्रहण की जाने वाली भूमि की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन करें। बैठक में शामिल रेल्वे के चीफ इंजीनियर मुम्बई श्री धीरज कुमार ने कहा कि आज की बैठक के निश्चित ही परिणाम निकलेंगे और कार्य तेजी से होगा।

आउटसोर्स सफाईकर्मियों ने संभाली स्वच्छता की कमान, जनप्रतिनिधियों ने बंटाया हाथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शनिवार को शहर को साफ रखने की जिम्मेदारी नगर निगम में काम कर रहे आउटसोर्स के सफाई कर्मियों और नागरिकों के हाथ में रही। नगर निगम में नियुक्त नियमित और दैनिक वेतनभोगी सफाईकर्मी अवकाश पर रहे। वर्ष में एक मात्र दिन होता है जब सभी सफाईकर्मी एक साथ छुट्टी पर रहते हैं। गोगानवमी के अगले दिन सफाई कर्मियों को विशेष अवकाश दिया जाता है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने सफाई मित्रों को गोगानवमी की शुभकामना देते हुए नागरिकों से अपील की कि इंदौर शहर को साफ बनाने के लिए सफाई मित्रों के सम्मान में हर इंदौरी मैदान उतरे और अपनी गली, मोहल्ले, वार्ड/झोन/क्षेत्र में स्वच्छता महा जनभागीदारी सफाई अभियान में सम्मिलित होकर जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान को सफल बनाए। स्वच्छता में छह बार से नंबर वन इंदौर में नियमित सफाईकर्मियों की छुट्टी के बीच शहर को स्वच्छ रखने का संदेश देने के लिए जनप्रतिनिधि भी सड़क पर उतरे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक आकाश विजयवर्गीय और निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने राजबाड़ा पर झाड़ू थाम कर सांकेतिक रूप से सफाई की। इनके साथ शहर में पुलिस और सेना में भर्ती की ट्रेनिंग ले रहे युवाओं ने भी राजबाड़ा क्षेत्र को बुहारा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहरवासियों को इंदौर शहर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। इस बीच करीब 700 आउटसोर्स कर्मचारी और निगम के कचरा वाहन अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर कचरा साफ करते दिखे।अधिकारियों और महापौर के जाने के बाद स्वच्छताकर्मी फिर से राजबाड़ा क्षेत्र में पहुंचे और सड़कों की सफाई की।

महिलाओं ने युवक से की अमानवीयता

मुंह पर चप्पलें मारीं, जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में महिलाओं ने छाती पर बैठकर एक आदिवासी युवक को पेशाब पिलाई। उसके सिर और मुंह पर चप्पलें मारीं। जूते-चप्पलों की माला डालकर उसे गांव में घुमाया। फिर ग्रामीणों ने उसकी थाने में शिकायत कर दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। युवक जेल में बंद है। घटना जिले के आदर्श गांव बारहबरियारी की 4 सितंबर की है। इसका वीडियो सामने आया है।

6 सितंबर को वीडियो आने के बाद कलेक्टर मनोज पुष्प ने जांच के लिए टीम गठित की। युवक की बहन का आरोप है कि महिलाओं ने ये अमानवीयता जादू-टोने के शक में की है। आदिवासी युवक के पिता का कहना है कि बेटा 3 सितंबर को राखी के त्योहार पर ससुराल गया था। उसकी मां अपने भाई के यहां गई थी। मैं अकेला था। इसी दिन शाम को गांववाले आए। पूरा घर घेर लिया। वे बेटे के बारे में पूछने लगे। उनसे कहा कि वो घर पर नहीं है, बताओ क्या बात है? उन्होंने घर के अंदर झांककर देखा। बेटा नहीं मिला तो लौट गए।

4 सितंबर को मेरा बेटा ससुराल से लौटा तो गांव के लोगों ने उसे घेर लिया। मैंने कहा भी कि बैठकर बात कर लेते हैं। वे नहीं माने। उसके चेहरे पर कालिख पोती, पीटा और पूरे गांव में जूते-चप्पल पहनाकर घुमाया। गांव के मुखिया और मैंने बेटे को पीट रहे लोगों को बहुत मनाया, लेकिन वे नहीं माने, उसे पीटते रहे, मैं कुछ नहीं कर पाया।

बहन बोली- महिलाएं कह रही थीं इसे बाथरूम पिलाना है

युवक की बहन का कहना है कि गांव की महिलाओं और पुरुषों ने भाई के साथ पहले तो मारपीट की, इसके बाद जूते-चप्पल की माला पहनाकर गांव में घुमाया। उसे जमीन पर लेटा दिया। महिलाएं बोतल में पेशाब भरकर लाई थीं। उन्होंने भाई को पेशाब पिलाने की कोशिश की। उसने मुंह बंद कर लिया तो एक महिला उसकी छाती पर बैठ गई। चम्मच डालकर उसका मुंह खोला और बोतल फंसाकर उसे पेशाब पिलाई। वे कह रही थीं कि इसे बाथरूम पिलाना है। मुझसे देखा नहीं गया तो मैं वहां से चली गई। बाद में आरोपियों ने भाई को पुलिस के हवाले कर दिया।

महिलाओं के कपड़े चोरी होने के कारण जादू-टोने का शक हुआ

युवक पर ग्रामीणों को जादू-टोना करने का शक क्यों हुआ? इस बात को लेकर हमने गांववालों से बात की। वे कैमरे के सामने नहीं आए। उन्होंने बताया कि पिछले दो से तीन महीने से गांव में कपड़े चोरी हो रहे हैं। सूखने के लिए डाले जाने वाले महिलाओं और बच्चों के कपड़े चोरी जा रहे हैं। गांव के लोग चोर की ताक में थे। युवक चोरी करते हुए पकड़ा गया था।

जुगलकिशोर मंदिर में पन्ना की महारानी का हंगामा

◆ पुलिस ने किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

पन्ना। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध जुगलकिशोर मंदिर में पन्ना राजघराने की महारानी जितेश्वरी देवी ने कृष्ण जन्माष्टमी पर हंगामा कर दिया। कृष्ण जन्मोत्सव रात 12 बजे शुरू हुआ। इस दौरान जितेश्वरी देवी आरती के बीच से उठीं और गर्भगृह में जाकर पुजारी से चंवर छुड़ा लिया। फिर भक्तों की तरफ देखकर गलत तरीके से चंवर डुलाने लगीं। अभद्रता की।

श्रद्धालुओं ने उनको गर्भगृह से बाहर करने की आवाजें लगाईं। पुजारी और वहां मौजूद लोगों ने जितेश्वरी देवी को गर्भगृह से बाहर करने की कोशिश की। इस दौरान वह गिर गईं। उन्हें पुलिस की मदद से घसीटकर बाहर किया गया। उन्होंने पुलिस से भी अभद्रता की।

पूजन में विघ्न के कारण पुजारी ने आरती बीच में ही रोक दी। भक्तों में काफी आक्रोश है, उन्होंने पन्ना के इतिहास में इसे सबसे निंदनीय घटना बताया है। मंदिर समिति के प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी ने पुलिस को बताया कि महारानी शराब के नशे में थीं। पन्ना कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। महारानी का कहना है कि मंदिर के मुसद्दी और पुजारी ने झूठे आरोप लगाए हैं। राज परिवार के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

Think it..!

You can only ride one horse at a time

If you have too much to do, remember that you have enough time and that you really can only do one thing at a time. Remember too that addicts love adrenalin. When things are going well, we tend to increase our risky behaviors which cause adrenaline rushes. Adrenaline gives us the emotional rush that compensates for our naturally imbalanced level of serotonin and beta endorphins in our brain. Adrenalin acts like alcohol did. The only problem is that adrenalin provoking behaviors have their own form of hangover: the feeling of being overwhelmed from unnecessary risk taking and doing too many things at once. We then feel we can't keep up with all of the things that need to be done to keep us afloat. 'I just can't face it all,' the overwhelmed alcoholic says. This feeling can lead to relapse.

TO DO

Remind yourself, that you can only ride one horse at a time. It will take away the adrenalin hangover and keep you from being overwhelmed. Cut down on too many adrenaline charging activities and keep an even keel.

गर्भगृह में दर्शन नहीं मिलने से मिर्ची बाबा हुए नाराज

मुख्यमंत्री को बदलने की बाबा महाकाल से की प्रार्थना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। कांग्रेस से जुड़े मिर्ची बाबा महाकाल मंदिर में गर्भगृह से दर्शन नहीं मिलने से नाराज होकर भगवान महाकाल के सामने जोर जोर से मुख्यमंत्री को बदलने की भगवान महाकाल से प्रार्थना करने लगे। उन्होंने बीजेपी सरकार पर संतों के खिलाफ झूठे प्रकरण में फंसाने का आरोप लगाया और कहा कि मैं सच्चे कमलनाथ को सीएम बनाने की बात करता हूँ, इसलिए मुझे रोक दिया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की कमलनाथ सरकार में मंत्री का दर्जा प्राप्त मिर्ची बाबा शुक्रवार को महाकाल के मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे,यहाँ वो करीब 10 मिनट तक नंदी हाल में जाने का इंतजार करते रहे। इसके बाद उन्हें गर्भगृह में जाने से रोक दिया गया,जिससे वे नाराज हो गए और नंदी हॉल में महाकाल के दर्शन करते हुए जोर जोर से सीएम शिवराजसिंह को हटाने की प्रार्थना करने लगे।

मंत्री पटेल के भ्रष्टाचार हो रहे उजागर - दोगने

हरदा। कांग्रेस से पूर्व विधायक रहे डॉ रामकिशोर दोगने ने प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि कृषि मंत्री कमल पटेल मध्यप्रदेश के मंत्री हैं एवं उनके कृषि विभाग से यह संबंधित इन्होंने अपनी कंपनी बना ली है इनमें मंत्री बनने के बाद उनकी कंपनियों के द्वारा सरकार में रहकर भ्रष्टाचार किया, जिसमें कंपनियों द्वारा उन्होंने दो नंबर के पैसे को एक नंबर में किया इनके मंत्री बनने के बाद कंपनियां बनी और अब बंद होने की कगार पर है इनके परिवारजनो के नाम पर बनी कंपनियों की जांच होना अति आवश्यक है ।

फसल सूखी, किसान ने लगाई फांसी

मंदसौर। मंदसौर में एक किसान ने अपने खेत में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों का कहना है कि कम बारिश के चलते उसके खेत में लगी सोयाबीन की फसल लगातार सूखती जा रही थी। उस पर एक लाख रुपए का कर्ज था। उसे इसी साल अपने दो बच्चों की शादी भी करनी थी। इससे परेशान होकर उसने खुदकुशी कर ली। मामला जिले नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के बड़ौद गांव का है। किसान जगदीश धनगर (45) मंगलवार की रात अपने खेत पर सोने गया था।

जन्माष्टमी की रात मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली

शिखर में छेद हुआ, मूर्ति ने भी मुहं फेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

राजगढ़। राजगढ़ जिले के माचलपुर से 4 किलोमीटर दूर ग्राम झरनिया में राठौर समाज का श्रीराम मंदिर है। यहां गुरूवार को लोग जन्माष्टमी उत्सव मना रहे थे। मन्दिर में 75-100 लोग के करीब थे। रात्रि में 11:15 बजे करीब मन्दिर पर आकाशीय बिजली गिरी, जिससे शिखर पर लगी ध्वजा जल गई। कलश और माइक भी टूटकर गिर गए।

धमाके की आवाज के साथ मंदिर के शिखर में छेद हो गया। छत में दरारें पड़ गई और मंदिर की गैलरी का हिस्सा भी गिर गया। ध्वजा लगाने के लिए शिखर पर लगी जंजीर भी पिघलकर नीचे गिर गई। आकाशीय बिजली की गूंज कई किलोमीटर तक लोगों ने सुनी। हालांकि इससे कोई पशु या जनहानि नहीं हुई। मंदिर के अंदर विराजित श्रीराम दरबार की मूर्ति को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि बिजली गिरने से मंदिर जर्जर हो गया है। लोगों ने इसे भगवान का चमत्कार माना।

लोग बोले- हमें भगवान ने ही बचाया

ग्राम झरनिया में सुबह से ही जन्माष्टमी की धूम थी। रात्रि में मंदिर के अंदर 75-100 लोग जन्माष्टमी उत्सव मना रहे थे और नाच गा रहे थे। महिलाएं भी भजन कीर्तन कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शी विष्णु प्रसाद राठौर ने बताया कि हम सभी मन्दिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मना रहे थे। मन्दिर में विजय सिंह, बालचन्द, श्याम, घनश्याम, राजाराम, पूरसिंह सहित कई लोग थे। महिलाएं भी बड़ी संख्या में भजन कीर्तन कर रही थी। इतने में रात्रि में करीब 11:15 बजे करीब आकाशीय बिजली गिरी। इससे अचानक लाइट चली गई और धमाके की आवाज के साथ मन्दिर के शिखर में छेद हो गया। बाद में हमने देखा, तो शिखर पर लगी ध्वजा जलकर नष्ट हो गई थी। माइक नीचे गिर गए। मन्दिर का कलश भी नष्ट हो गया और शिखर के सामने की मूर्ति का मुहं टेड़ा हो गया। मंदिर में कई जगह छेद हो गए। हम लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ। हम सभी को भगवान ने बचाया।

संपादकीय

आसियान का उद्देश्य

आसियान में भारत की महत्वपूर्ण होती गई भूमिका एक तरह से चीन, रूस और अमेरिका जैसे देशों के लिए संकेत भी है कि वह बाहरी बाजार के लिए उन पर निर्भर नहीं रहेगा। मगर आसियान का उद्देश्य आर्थिक महाशक्तियों को इस तरह चुनौती देना नहीं, बल्कि उन्नत राष्ट्रों के साथ रिश्तों को मजबूत बनाना और शांतिपूर्ण ढंग से मतभेदों को दूर करना है। आसियान के साथ भारत का संबंध पूरब के साथ मिल कर काम करने और आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने के संकल्प से जुड़ा हुआ है। दरअसल, विकसित कहे जाने वाले देश जिस तरह दुनिया पर अपना आर्थिक एकाधिकार जमाने की रणनीति बनाते रहे हैं, उसमें विकासशील और अविकसित देशों की क्षेत्रीय पहचान पर भी संकट गहराता गया है। ऐसे में दक्षिण पूर्व एशिया के देशों ने अपनी आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने और एकजुटता कायम करने के मकसद से यह संगठन बनाया था। शीतयुद्ध समाप्त होने के बाद इसके सदस्यों की संख्या निरंतर बढ़ती गई और अब ये देश व्यापारिक दृष्टि से खासी अहमियत हासिल कर चुके हैं। आसियान के साथ भारत का जुड़ाव न केवल व्यापारिक मकसद से, बल्कि पूर्वोत्तर में संतुलन साधने के लिए भी महत्त्वपूर्ण है। आसियान और जी-20 में भारत की स्थिति कई मामलों में निर्णायक है। ऐसा इसलिए भी कि दक्षिण एशिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जो विकासशील और विकसित देशों के बीच मजबूत सेतु का काम करता है। हालांकि आसियान के पूर्वी संगठन से चीन और रूस के भी जुड़ाव हैं, मगर जो भूमिका भारत निभा पाता है, वह इन दो देशों से अपेक्षित नहीं है। इसके दस मूल सदस्य देशों इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, विएतनाम, लाओस, म्यांमा और कंबोडिया भी आर्थिक महाशक्तियों का वैसा ही दबाव महसूस करते रहे हैं, जैसा कि भारत पर वे बनाने का प्रयास करते हैं। भारत के साथ आसियान देशों की निकटता इसलिए भी है कि इनका आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ताना-बाना काफी मेल खाता है और भारत न केवल उनकी व्यापारिक गतिविधियों, बल्कि क्षेत्रीय अस्मिता को भी पोसने में मदद करता रहा है।

स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी

घमंड कभी न करने का ज्ञान

तो बात उस समय की है, जब स्वामी विवेकानंद अपने लोकप्रिय शिकागो धर्म सम्मेलन के भाषण के बाद भारत वापस आ गये थे। अब उनकी चर्चा विश्व के हर देश में हो रही थी। सब लोग उन्हें जानने लगे थे।

स्वामी जी भारत वापस आकर अपने स्वभाव अनुरूप भ्रमण कर रहे थे। इस समय वे हिमालय और इसके आसपास के क्षेत्रों में थे। एक दिन वो घूमते घूमते एक नदी के किनारे आ गये। वहां उन्होंने देखा कि एक नाव है पर वह किनारा छोड़ चुकी है। तब वे नाव के वापस आने के इंतजार में वहीं किनारे पर बैठ गए।

एक साधु वहां से गुजर रहा था। साधु ने स्वामी जी को वहां अकेला बैठा देखा तो वह स्वामी जी के पास गया और उनसे पूछा, तुम यहां क्यों बैठे हुए हो?

स्वामी जी ने जवाब दिया, मैं यहां नाव का इंतजार कर रहा हूं।

साधु ने फिर पूछा, तुम्हारा नाम क्या है?

स्वामी जी ने कहा, मैं विवेकानंद हूं।

साधु ने स्वामी जी का मजाक उड़ाते हुए उनसे कहा, अच्छा! तो तुम वो विख्यात विवेकानंद हो जिसको लगता है कि विदेश में जा कर भाषण दे देने से तुम बहुत बड़े महात्मा साधु बन सकते हो।

स्वामी जी ने साधु को कोई जवाब नहीं

दिया।

फिर साधु ने बहुत ही घमंड के साथ, नदी के पानी के ऊपर चल कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया।

कुछ दूर तक चलने के बाद साधु ने स्वामी जी कहा, क्या तुम मेरी तरह पानी पर पैदल चल कर इस नदी को पार कर सकते हो?

स्वामी जी ने बहुत ही आदर और विनम्रता के साथ साधु से कहा, इस बात में कोई शक नहीं कि आपके पास बहुत ही अद्भुत शक्ति है। लेकिन क्या आप मुझे यह बता सकते हो, कि आपको यह असाधारण शक्ति प्राप्त करने में कितना समय लगा। बहुत ही अभिमान के साथ साधु ने जवाब दिया, यह बहुत ही कठिन कार्य था। मैंने बीस सालों की कठिन तपस्या और साधना के बाद यह महान शक्ति प्राप्त की है।

साधु का यह बताने का अंदाज बहुत ही अहंकार भरा था।

यह देख कर स्वामी जी बहुत ही शांत स्वर में बोले, आपने अपनी जिन्दगी के बीस साल ऐसी विद्या को सीखने में बर्बाद कर दिए, जो काम एक नाव पांच मिनिट में कर सकती है। आप ये बीस साल निर्धन बेसहारा गरीबों की सेवा में लगा सकते थे। या अपने ज्ञान और शक्ति का प्रयोग देश और देशवासियों की प्रगति में लगा सकते थे। परंतु आपने अपने बीस साल सिर्फ पांच मिनट बचाने के लिए व्यर्थ कर दिए, ये कोई बुद्धिमानी नहीं है।

साधु सिर झुकाए खड़े रह गये और स्वामी जी नाव में बैठ कर नदी के दूसरी किनारे चले गए।

कहानी से सीख

इस प्रकार इस कहानी ने हमें बताया कि ज्ञान और शक्ति का सही प्रयोग आवश्यक है। किसी शक्ति को प्राप्त कर के यदि हम उस पर घमंड करते है तो यह मूर्खता है। शक्ति का सही जगह पर सही इस्तेमाल करना ही वास्तविकता में बुद्धिमानी है।

मुल्ला नसरुद्दीन की दावत

एक बार मुल्ला नसरुद्दीन को पास के शहर से दावत का न्योता मिला। इस दावत में उन्हें खास मेहमान के तौर पर बुलाया गया था। मुल्ला वैसे भी खाने-पीने के शौकीन इंसान थे। इसलिए, बिना सोचे समझे न्योता स्वीकार कर लिया। मुल्ला ने रोज पहनने वाले कपड़े पहने और दावत के लिए घर से निकल गए। सफर के दौरान उनके कपड़े धूल-मिट्टी से गंदे हो गए।

जब वे दावत के लिए पहुंचे तो घर के बाहर पहरा दे रहे दरबान ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। उन्होंने दरबान से कहा, "मैं मुल्ला नसरुद्दीन हूं। मैं इस दावत का खास मेहमान हूं।" दरबान ने हंसते हुए कहा, "वो तो दिखाई दे रहा है।" फिर दरबान ने धीरे से मुल्ला के कान में कहा, "अगर तुम दावत के लिए आए मुल्ला नसरुद्दीन हो, तो मैं खलीफा हूं।" यह सुनकर उसके साथ खड़े अन्य दरबान जोर-जोर से हंसने लगे। फिर दरबान ने उन्हें वहां से जाने के लिए कहा और दोबारा आने से मना कर दिया।

मुल्ला नसरुद्दीन कुछ सोचते हुए वहां से चले

गए। जिस शहर में दावत थी, उसी के पास मुल्ला का एक मित्र रहा करता था। वह अपने मित्र के घर चले गए। मुल्ला नसरुद्दीन अपने मित्र से मिलकर खुश हुए। थोड़ी देर बाद उन्होंने सारी बातें अपने मित्र को बताई। फिर उन्हें याद आया कि उनके मित्र ने उनके लिए एक लाल कढ़ाईदार शेरवानी सिलाई थी, जो उनके मित्र के पास ही रह गई थी। मुल्ला ने अपने मित्र से पूछा कि क्या वह शेरवानी अभी भी आपके पास है?

उनके मित्र ने कहा, "शेरवानी अभी भी अलमारी में टंगी है और तुम्हारा इंतजार कर करी है।" मित्र ने शेरवानी मुल्ला नसरुद्दीन को दे दी। मुल्ला ने मित्र का शुक्रिया किया और कुछ देर बाद शेरवानी पहनकर दावत के लिए निकल गए।

इस बार जब दरवाजे पर पहुंचे, तो दरबान ने उन्हें सलाम किया और बाइज्जत दावतखाने तक ले गया। दावत में अनेक लजीज पकवान बने थे, जिनकी खुशबू हर तरफ फैल रही थी। मुल्ला के स्वागत में बड़े-बड़े लोग खड़े थे। फिर मुल्ला को खास मेहमान की कुर्सी पर बैठाया गया। उनके बैठने के बाद ही बाकी सभी मेहमान बैठे।

सभी की नजर मुल्ला पर ही थी। मुल्ला को खाने में सबसे पहले शोरबा परोसा गया। मुल्ला ने शोरबा उठाया और अपनी शेरवानी पर उड़ेल दिया। यह देख सब हैरान रह गए। एक ने उनसे पूछा, "आपकी तबियत तो ठीक है न?"

जब सब ने बोलना बंद कर दिया तब मुल्ला ने अपनी शेरवानी से कहा, "उम्मीद है कि तुम्हें शोरबा लजीज लगा होगा। अब तुम्हें समझ में आ गया होगा कि दावत पर मुझे नहीं, बल्कि तुम्हें बुलाया गया था।"

कहानी से सीख

इस कहानी से यह सीख मिलती है कि किसी की पहचान उसके पहनावे से नहीं करनी चाहिए।

Highlights

1. Biden shares pic with PM Modi after his arrival in Delhi
2. Finance Minister Sitharaman meets US Treasury Secy Janet Yellen
3. Assam Cabinet recommends Centre to withdraw Disturbed Areas Act, AFSPA from entire state
4. I've enormous respect for Modi ji, he has been kind to me: UK PM
5. Top Lashkar-e-Taiba terrorist Abu Qasim, who was wanted in India, shot dead

Adani, Ambani invited to G20 dinner? Govt agency clarifies on business leaders' invitations

NEW DELHI, (Agency). No business leaders have been extended invitations to the G20 India dinner set to take place at Bharat Mandapam on Saturday, according to PIB Fact Check, the central government's agency responsible for debunking fake news and misinformation.

Some media reports had suggested that the dinner would serve as an occasion to assemble India's prominent figures during the leaders' summit, with purported invitations extended to around 500 business magnates, including notable figures such as Gautam Adani from the Adani Group, Mukesh Ambani of Reliance Industries, N Chandrasekaran, chairman of Tata Sons, billionaire Kumar Mangalam Birla, and Sunil Mittal, founder-chairman of Bharti Airtel.

"Media reports based on an article by Reuters have claimed that prominent business leaders have been invited to G20 India Special Dinner being hosted at Bharat

Mandapam on 9th Sep. This claim is misleading. No business leaders have been invited to the dinner," in a social media post shared on Friday," the Press Information Bureau's fact check unit said in a statement.

The national capital welcomed foreign delegates and leaders from around the world for the two-day G20 Summit, held at the International Exhibition-cum-Convention Centre complex in the Pragati Maidan area. Prime Minister Narendra Modi arrived at the complex early Saturday morning to receive the world leaders.

Following the first day of the summit, President Droupadi Murmu is scheduled to host a grand dinner at Bharat Mandapam. The event will be attended by world leaders such as US President Joe Biden, German Chancellor Olaf Scholz, French President Emmanuel Macron, British Prime Minister Rishi Sunak, Saudi Arabia's Mohammed Bin Salman, and Japan's Fumio Kishida, among others. In addition to foreign delegates, invitations have been extended to cabinet ministers, state chief ministers, and former prime ministers, among other guests.

Coffee Day says plea filed against firm for insolvency proceedings by IDBI Trusteeship before NCLT

NEW DELHI, (Agency). Coffee Day Enterprises Ltd, the company which operates Cafe Coffee Day outlets, said on Friday that the IDBI Trusteeship Services had filed an application before the National Company Law Tribunal (NCLT) for insolvency proceedings.

The application filed by IDBI Trusteeship Services has been filed under Section 7 of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 before the NCLT in connection with alleged dues of over ₹228 crore.

The company in its letter to the

National Stock Exchange and Bombay Stock Exchange said it is seeking 'appropriate legal advice' and will take all appropriate steps to protect its interest.

This comes nearly a month after the National Company Law Appellate Tribunal (NCLAT) had stayed an order of the NCLT that had directed initiation of insolvency proceedings against the firm. The two-member tribunal had issued notices to the Interim Resolution professional and its financial creditor IndusInd Bank and stayed the operations of the order passed by the Bengaluru Bench of the NCLT, PTI reported. The NCLAT said it has "found that there are arguable points involved in this appeal, therefore, we issue a formal notice to the Respondents who are already on caveat, enabling it to file its reply."

Andhra Pradesh

जानिए क्या है कौशल विकास घोटाला, जिसमें पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू हुए गिरफ्तार

हैदराबाद, (एजेंसी) तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम एन.चंद्रबाबू नायडू को सीआईडी द्वारा कौशल विकास घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी शनिवार सुबह नंद्याल से हुई। कौशल विकास घोटाला 350 करोड़ रुपये का है और इस मामले में चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ साल 2021 में एफआईआर दर्ज की गई थी। सीआरपीसी की धारा 50(1) (2) के तहत चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी की गई है।

आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की सरकार में युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के हैदराबाद और इसके आसपास के इलाकों में स्थित भारी उद्योगों में काम करने के लिए युवाओं को जरूरी कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाना था। सरकार ने योजना के तहत इसकी जिम्मेदारी एक कंपनी Siemens को दी थी। योजना के तहत छह क्लस्टर्स बनाए गए और इन पर कुल 3300 करोड़ रुपये खर्च होने थे। जिसमें हर क्लस्टर पर 560 करोड़ रुपये खर्च होने थे।

तत्कालीन चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने कैबिनेट में बताया कि योजना के तहत राज्य सरकार कुल खर्च का 10 प्रतिशत यानी कि 370 करोड़ रुपये खर्च करेगी। वहीं बाकी का 90 प्रतिशत खर्च कौशल विकास प्रशिक्षण देने वाली कंपनी सीमेन्स द्वारा दिया जाएगा। आरोप है कि चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने योजना के तहत खर्च किए जाने वाले 371 करोड़ रुपये शैल कंपनियों को ट्रांसफर कर दिए। पूर्व सीएम पर ये भी आरोप है कि शैल कंपनियां बनाकर उन्हें पैसे ट्रांसफर करने से संबंधित दस्तावेज भी नष्ट कर दिए गए। आंध्र प्रदेश के कौशल विकास घोटाले की जांच ईडी द्वारा भी की जा रही है। कुछ माह पहले ईडी ने इस घोटाले की आरोपी कंपनी डिजाइनटेक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की 31 करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति भी अटैच की थी। आरोप है कि इसी कंपनी के जरिए सरकारी योजना का पैसा शैल कंपनियों को ट्रांसफर किया गया, साथ ही फर्जी इनवॉइस तैयार की गईं। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से मामले की जांच कर रही है।

Bihar

नीतीश कुमार के खिलाफ मुजफ्फरपुर कोर्ट में केस, 243 लोगों की गैर इरादतन हत्या का आरोप

मुजफ्फरपुर, (एजेंसी) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मुजफ्फरपुर कोर्ट में उनके खिलाफ परिवाद दायर किया गया है। इसे अदालत ने मंजूर कर लिया है। इस केस में सीएम नीतीश के अलावा उत्पाद विभाग के कई अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। सभी पर 243 लोगों की गैर इरादतन हत्या का आरोप है। मुजफ्फरपुर कोर्ट 16 सितंबर को इस मामले की सुनवाई करेगा। वकील सुशील सिंह ने अदालत में सीएम नीतीश एवं अन्य के खिलाफ यह परिवाद दायर किया है। उन्होंने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत राज्य में जहरीली शराब से मरने वालों का आंकड़ा मांगा था। सरकार ने आरटीआई के जवाब में बताया कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद अब तक 243 लोगों की मौत जहरीली शराब के सेवन से हुई है। वकील ने इसके आधार पर मुजफ्फरपुर कोर्ट में आईपीसी की धारा 304, 120b और 34 के तहत परिवाद दायर किया। इसमें उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उत्पाद आयुक्त विनोद सिंह गुंजयाल समेत प्रदेश के सभी उत्पाद अधीक्षकों को आरोपी बनाते हुए उन्हें 243 लोगों की मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

Uttarpradesh

शार्प शूटर हायर कर सास ने करवा दी बहू की हत्या, पूछताछ में पुलिस को बताई ये वजह

नोएडा, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक महिला ने दो शूटर हायर कर अपनी बहू की हत्या करवा दी. पुलिस ने जब हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की, तब इस बात का खुलासा हुआ. पुलिस ने हत्या के आरोपियों के साथ मृतका की सास को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस का कहना है कि सास ने बहू की हत्या के लिए एक लाख रुपये की सुपारी दी थी.

दरअसल, मूलरूप से बिहार की रहने वाली 27 वर्षीय सोनी ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला गांव में अपने पति के साथ रहती थी. सोनी ने पहले पति को छोड़कर दूसरी शादी की थी. 5 सितंबर की दोपहर दो बाइक सवार बदमाश सोनी के घर पहुंचे और घर में घुसकर सोनी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं. इसमें सोनी की मौके पर ही मौत हो गई.

Rajasthan

शादी के पंद्रह साल बाद भी नहीं हुआ बच्चा, पति ने पीट-पीटकर कर दी पत्नी की हत्या

भीलवाड़ा, (एजेंसी) राजस्थान के भीलवाड़ा में पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर कर हत्या कर दी. ससुराल वाले महिला की सामान्य मौत बताकर अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट पहुंच गए थे. इसी बीच किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को चिता से उठा कर अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. साथ ही पुलिस ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की है.

मामला मांडल थाना क्षेत्र का है. मांडल पुलिस चौकी प्रभारी चिराग अली ने बताया कि आरजिया ग्राम पंचायत में भीलों की बस्ती में रहने वाली 35 साल की ममता को उसके पति प्रभु ने शराब पीकर पीट पीटकर मार डाला था. ममता की शादी प्रभु से 15 साल पहले हुई थी, लेकिन उसे कोई बच्चा नहीं हो रहा था. पुलिस जांच में पता चला कि शादी के 15 साल बाद भी संतान नहीं होने से पति-पत्नी के बीच में आए दिन झगड़ा होता रहता था.

गुरुवार रात को भी बच्चे न होने की बात पर प्रभु ने ममता के साथ मारपीट की और बाद में शराब के नशे में इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई. अपनी पत्नी की हत्या के बाद आरोपी प्रभु उसके मायके में जानकारी दिए बिना शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचा गया. ममता की हत्या की सूचना ग्रामीणों ने दे दी. सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत एक्शन लेते हुए श्मशान घाट पहुंच गयी.

खेल

US Open 2023: रोहन बोपन्ना ने रचा इतिहास

ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

न्यूयॉर्क (अमेरिका), (एजेंसी) भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने यूएस ओपन में इतिहास रच दिया है। बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर पुरुष युगल के फाइनल में जगह बना लिया। दोनों ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट और निकोलस माहुत की फ्रांसीसी जोड़ी पर 7-6 (7-3), 6-2 से जीत हासिल की। बोपन्ना का किसी ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल स्पर्धा में इस साल यह दूसरा फाइनल होगा। छठी वरीयता प्राप्त इस इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी विंबलडन के फाइनल में भी अपना स्थान पक्का किया था। हालांकि, तब हार का सामना करना पड़ा था।

बोपन्ना ने फाइनल में पहुंचकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह ग्रैंड स्लैम के ओपन एरा (1968 से) में किसी फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कनाडा के डैनियल नेस्टर का रिकॉर्ड तोड़ा। बोपन्ना 43 साल छह महीने की आयु में फाइनल तक पहुंचे हैं। वहीं, नेस्टर ने 43 साल चार महीने की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी।

13 साल बाद यूएस ओपन के फाइनल में बोपन्ना

बोपन्ना 2010 के बाद यूएस ओपन में पुरुष युगल स्पर्धा के फाइनल तक पहुंचे हैं। पिछली बार उन्होंने अपने पाकिस्तानी जोड़ीदार एहसाम उल हक कुरैशी के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल की थी। फाइनल में इस बार बोपन्ना और एबडेन का मुकाबला अमेरिकी जोड़ीदार राजीव राम और जोए सैलिसबरी से होगा। बोपन्ना पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुष युगल का खिताब जीतना चाहेंगे। वह अब तक एक बार फ्रेंच ओपन में मिश्रित युगल का खिताब 2017 में जीत चुके हैं।

कोको गॉफ पहली बार फाइनल में

अमेरिका की युवा स्टार कोको गॉफ ने चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को हराकर अपने पहले यूएस ओपन महिला एकल फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। 19 वर्षीय गॉफ ने चेक खिलाड़ी पर 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। गॉफ का शनिवार के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका या हमवतन मैडिसन कीज से मुकाबला होगा।

सिनेमा

अक्षय कुमार ने जन्मदिन पर बेटे, बहन और भांजी के साथ किए महाकाल दर्शन, शिखर धवन ने भी लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार आज अपना 56वां जन्मदिन मना रहे हैं। बर्थडे के खास मौके पर अक्षय कुमार,उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनके बेटे आरव, बहन अलका हीरानंदानी और भांजी सिमर ने भी महाकाल के दर्शन किए। इसके साथ ही उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल का ध्यान लगाया, आशीर्वाद लिया और भस्म आरती में भी शामिल हुए। इस दौरान अक्षय के साथ क्रिकेटर शिखर धवन भी नजर आए। उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर मे अपने जन्म दिवस पर फिल्म स्टार अक्षय कुमार महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनके बेटे आरव बहन अलका और भांजी सिमर भाटिया भी साथ में थी। रात 2 बजे के करीब पहुंचे अक्षय कुमार मंदिर पहुंचे। इस दौरान भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन भी उनके साथ रहे। जानकारी के अनुसार, अक्षय कुमार ने महाकाल मंदिर का पूरा नंदी हॉल ही बुक कर लिया था। भस्म आरती के दौरान अक्षय कुमार ने भगवा चोला पहना था तो उनकी बहन भी केसरिया साड़ी पहन कर पहुचीं थीं। भस्म आरती के दौरान ही नंदी हॉल में बैठकर सभी ने भगवान शिव का जाप किया।

नदी में फंसी स्कूल बस

ग्रामीणों ने मशक्कत से बच्चों को निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम केवटी में एक स्कूल बस नदी की बीच रपटे में फंस गई। इस दौरान बस में स्कूली बच्चे भी सवार थे, जिन्हें यहां मौजूद ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद बस से बाहर निकाला। गोदी में उठाकर एक साइड में बिठाया। इसके बाद बस को निकालने का प्रयास किया।

दरअसल, शुक्रवार को तेज बारिश का दौर जारी था। इस दौरान गंभीर नदी के रपटे में पानी का भी तेज बहाव आ गया। शाम करीब 5 बजे करीब ग्राम केवटी के रपटे से एक बस गुजर रही थी। इस दौरान पानी का बहाव तेज होने के कारण बस पुलिया के बीच में फंस गई। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया का इसी साल निर्माण हुआ है और पुलिया बीच में से क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

बस में सवार थे 15 बच्चे

बीच पुलिया में फंसी बस में स्कूली बच्चे भी सवार थे। ग्रामीणों की सूझबूझ के चलते बहते पानी में से बच्चों को बस में से बाहर निकल गया। फिलहाल इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन नदी में तेज बहाव आ जाता तो एक बड़ा हादसा ग्राम केवटी में हो सकता था। ग्रामीणों के अनुसार, बस में करीब 15 बच्चे सवार थे और यह बस राऊ की एक निजी स्कूल की है।

बीच बचाव में युवक पर जान लेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दो लोगों के बीच विवाद में युवक बीच बचाव करने के लिए पहुंचा तो आरोपी ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने से युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। आजाद नगर पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अजय पिता मुन्नालाल निवासी नीमखेड़ा, देवास की शिकायत पर जितेंद्र इक्ससह डाबर निवासी पालदा के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। आरोपी ने पिन्टू पिता रमेश भार्गव (18) को चाकू मार दिया। वारदात उद्योग नगर पालदा में हुई है। जितेंद्र और अजय के बीच में विवाद हो गया। उसी समय सामने से अजय का भाई इक्सपटू आया। जिसनें बीच-बचाव किया तब आरोपी ने उसके साथ में मारपीट की। विरोध करने पर इक्सपटू को जान से मारने की नीयत से चाकू से मार दिया। उसके पेट में गंभीर चोट आई है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर इलाज चल रहा है।

24 घंटे में करीब चार इंच बारिश, आज भी झमाझम की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शनिवार सुबह शहर में बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। सुबह धुंध और कुहासे का असर रहा और न्यूनतम दृश्यता 1000 मीटर तक दर्ज की गई। रीगल स्थित मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वेदर स्टेशन पर पिछले 24 घंटे में 100 मिलीमीटर (3.94 इंच) बारिश दर्ज की गई। एयरपोर्ट स्थित वेदर स्टेशन पर पिछले 24 घंटे में 87 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई। वहीं इंदौर जिले की महू तहसील में 73 मिलीमीटर, सांवेर में 57 मिलीमीटर, देपालपुर में 62 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 53 मिलीमीटर और हातोद में 64 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। शनिवार सुबह शहर में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, आज शहर में मध्यम से तेज वर्षा के आसार बने रहेंगे। गौरतलब है कि लंबे समय बाद शहरवासी पिछले तीन दिन से झमाझम बारिश देख रहे हैं। शहर में शुक्रवार सुबह से ही बादल छाए रहे और तेज वर्षा का दौर जारी रही। दिन में तेज वर्षा के कारण सड़कों व चौराहों पर जहां जलजमाव हुआ।

युवक को लूटा, आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। युवक को चाकू अड़ाकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि नशे की खर्च के लिए आरोपी लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। उनके पास से 8 लूट के मोबाइल,नकदी और चाकू बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने कई वारदातें कबूली हैं।

बाणगंगा पुलिस ने बताया कि 7 सितंबर को दीपक पिता मोतीलाल निवासी भागीरथपुरा बाइक पर सवार होकर सांवेर रोड से गुजर रहा था। नमकीन क्लस्टर के पास एमआर 4 रोड पर सामने से बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसे रोका और गले पर चाकू अड़ा मारपीट कर उससे मोबाइल व नगदी छीन ली थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश इलाके में घूमते हुए देखे गए हैं इस पर टीम ने केतन बुंदेला ,सुखलिया और राहुल शर्मा, खातीपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बाइक व लूटा गया मोबाइल,नकदी जब्त कर लिया गया है। इसके साथ ही अन्य वारदातों में भी लूटे गए मोबाइल बरामद किए गए हैं। पकड़े गए बदमाश बाणगंगा थाने के लिस्टेड बदमाश हैं उन पर कई मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे की लत को पूरा करने के लिए वारदातों को अंजाम देते थे। पूछताछ में कई वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

पांच ड्रग्स पैडलर पर रासुका

इंदौर। पुलिस द्वारा नशे के कारोबार करने वालेआरोपियों पर रासुका की कार्रवाई भी की जा रही है। इसके चलते नशे के कारोबार में लिप्त पांच बदमाशों पर पुलिस ने रासुका की कार्रवाई कर उन्हें भोपाल सेंट्रल जेल भेजा है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कई प्रकरण दर्ज हैं। मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले नितिन उर्फ अप्पी पंवार, मनोज चौकसे,सचिन तिवारी, महिला आरोपी सपना पति सचिन तिवारी एंव हेमंत उर्फ लक्की बुंदेला के खिलाफ एनडीपीएस निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पांचो आरोपियों को 6 माह की अवधि के लिए रासुका की कार्रवाई कर केंद्रीय जेल भोपाल भेजा गया है।

दो लाख की ब्राउन शुगर के साथ धराए तस्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर दो लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की है। आरोपी भरत चौरसिया के विरुद्ध पूर्व में थाना हीरानगर पर अवैध शराब, जुआ, मारपीट शासकीय कार्य में बाधा जैसे 5 गंभीर अपराध पहले से दर्ज हैं। आरोपी समीर लोधी के विरुद्ध जुआ एक्ट का एक केस दर्ज मिला है।

मुखबिर से क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि कनकेश्वरी मैदान के पास दो संदिग्ध बाइक लेकर खड़े हैं,इनके पास ब्राउन शुगर भी है। टीम ने हीरानगर पुलिस के साथ मिलकर भरत चौरसिया,गौरी नगर एवं समीर लोधी,मारुति नगर सुखलिया को पकड़ा। इनकी तलाशी ली तो इनके पास से 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई जिसकी कीमत दो लाख रुपए बताई गई है। आरोपियों के खिलाफ हीरानगर थाने मे एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल और एक बाइक भी जब्त की गई है। मोबाइल की काल डिटेल से कई ड्रग्स तस्करों के नाम सामने आने की संभावना है।

युवक ने लगाई फांसी

इंदौर। एरोड्रम इलाके के रुक्मणी नगर में रहने वाले 30 वर्षीय ऋषभ उर्फ नानू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, नानू ने जिस मकान में फांसी लगाई उस पर बैंक का कर्ज था। कर्ज न भरने पर बैंकवालों ने उस मकान को कुर्क कर लिया था। नानू दूसरे मकान में रहने चला गया था। गुरुवार को वह सामान लेने के बहाने कुर्क मकान में आया और वहीं फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने शुक्रवार की सुबह उसे फंदे पर लटका देखा तो घटना का पता चला। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

खुद को डिप्टी कमिश्नर बताकर धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक भोजनालय में हुए विवाद के दौरान युवक ने खुद को डिप्टी कमिश्नर बताया और भोजनालय को सील करवाने की धमकी ते दे डाली। मामला पुलिस तक पहुंची तो आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। वह खुद को सीएम शिवराजसिंह चौहान का भतीजा भी बता रहा था।

पुलिस के अनुसार स्कीम नं. 54 स्थित भोजनालय के कर्मचारी चन्द्रेश लोधी की शिकायत पर आरोपी ललित पिता पवन चौहान निवासी ग्राम जेत, थाना बुधनी (सीहोर) हाल मुकाम वीणानगर को गिरफ्तार किया गया है। चंद्रेश ने पुलिस को बताया कि भोजनालय में एक थाली में आरोपी और उसके दो साथी खाना खा रहे थे। उसने जब नियम बताया कि एक थाली में एक ही व्यक्ति भोजन कर सकता है, तो आरोपी भड़क गया और खुद को डिप्टी कमिश्नर बताते हुए धमकाने लगा। साथ भोजनवालय को सील करवाने की धमकी भी दे डाली। इस पर होटल स्टाफ ने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्त में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि आरोपी ने दो दिन पूर्व कंट्रोल रूम पर काल कर कहा कि वह सीएम हाउस से बोल रहा है। उसका नाम एलएस चौहान है और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के भाई का बेटा है। उसने आदेशात्मक भाषा में बात की और दो-तीन थाना प्रभारियों से बात करने का आदेश दे डाला। आरोपी ने पूछताछ में उसने बताया कि वह यूपीएससी पास कर चुका है। कभी वह स्वयं को डिप्टी कलेक्टर बताता है।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
Detective Group Report SUBSCRIBE
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।